दिनांक 25 मार्च 2026 को कंठस्थ 2.0 और अनुवाद कार्य में सहायक विभिन्न हिन्दी ई-टूल्स विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन।

दिनांक 25 मार्च 2026 को कंठस्थ 2.0 और अनुवाद कार्य में सहायक विभिन्न हिन्दी ई-टूल्स पर सभी पदाधिकारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। हिन्दी कार्यशाला का शुभारंभ निदेशक, अतिथि व्याख्याता और सभी प्रतिभागियों के स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके पश्चात्, निदेशक महोदय से व्याख्याता के बारे में जानकारी प्रदान करने और हिन्दी में काम करने के लिए सभी प्रतिभागियों को संबोधित करने का अनुरोध किया गया। निदेशक महोदय ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य हिन्दी भाषा का प्रचार करना, आधुनिक तकनीक, सॉफ्टवेयर की मदद से हिन्दी में सहज रूप से कार्य करना और राजभाषा विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार कंठस्थ 2.0 की सहायता से अनुवाद कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आपके समक्ष प्रवर्त्तन विभाग से सहायक निदेशक, राजभाषा, श्री सुंदर शॉ आमंत्रित है, जिन्हें इन विषयों के बारे में विशेषज्ञता हासिल है। उनके मार्गदर्शन से आप कंठस्थ 2.0 जैसे उपयोगी सॉफ्टवेयर और विभिन्न ई-टूल्स की जानकारी प्राप्त कर अपना सरकारी कामकाज हिन्दी में सहज रूप से कर पाएंगे। इसके पश्चात्, श्री सुंदर शॉ जी ने प्रतिभागियों को अनुवाद कार्यों में उपयोगी विभिन्न हिन्दी ई-टूल्स, ए-आई, कंठस्थ 2.0 के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया और उन्हें इसका डेमो करके भी दिखाया। सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों की सहायता से सहज रूप से हिन्दी में कार्य करने की प्रक्रिया प्राप्त की और इस व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक भी बताया।

अंत में, राजभाषा अधिकारी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों और व्याख्याता का आभार व्यक्त किया और इस तथ्य का उल्लेख किया कि यह कार्यशाला हिन्दी भाषा को डिजिटल माध्यमों से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध हुई है। सभी प्रतिभागियों ने व्याख्याता का उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त किया और निश्चित रूप से उन्हें अपना सरकारी कामकाज हिन्दी में सहजता से करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, सभी उपस्थित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए हिन्दी कार्यशाला का समापन किया गया।

हिन्दी कार्यशाला में भाग लेते हुए प्रतिभागियों की झलकियां

दिनांक 25 मार्च 2026 को आयोजित हिन्दी कार्यशाला में प्रतिभागियों की एक झलक

हिन्दी कार्यशाला में अनुवाद कार्य में सहायक विभिन्न ई-टूल्स के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रतिभागी

हिन्दी कार्यशाला में उपस्थित कंठस्थ 2.0 के संबंध में सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए व्याख्याता

हिन्दी कार्यशाला में कंठस्थ-2.0 के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए प्रतिभागी।

हिन्दी कार्य करने में सहायक ए-आई टूल्स का प्रयोग करने की प्रक्रिया बताते हुए व्याख्याता

हिन्दी कार्य करने में हिन्दी ई-टूल्स और ए-आई के बारे में प्रायोगिक जानकारी प्राप्त करते हुए प्रतिभागी